Regarding need to extend Jabalpur-Hazrat Nizamuddin Sridhaam Superfast Express Train No. 12191/12192 to Sri Ganganagar-Laid

श्री कुलदीप इंदौरा **(गंगानगर) :** मैं सरकार का ध्यान राजस्थान के श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से लंबित एक महत्वपूर्ण मांग की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । गाड़ी संख्या 12191/12192 जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन श्रीधाम सुपरफास्ट एक्सप्रेस के रेवाड़ी, सादुलपुर, भादरा, गोगामेड़ी, नोहर, हनुमानगढ़ जंक्शन, सादुलशहर होते हुए श्रीगंगानगर तक विस्तार की मांग स्थानीय जनता द्वारा वर्षों से लगातार उठाई जा रही है । इन जिलों में बड़ी संख्या में किसान, श्रमिक, विद्यार्थी, नौकरी पेशा लोग तथा सेना के जवान रहते हैं, जिन्हें दिल्ली, मध्य प्रदेश और अन्य राज्यों की ओर सुगम रेल कनेक्टिविटी की अत्यंत आवश्यकता है । वर्तमान में सीमित रेल सेवाओं के कारण यात्रियों को अत्यधिक समय, धन तथा कठिनाई का सामना करना पड़ता है । यदि इस ट्रेन का विस्तार श्रीगंगानगर तक एक अतिरिक्त रैक की सहायता से किया जाए, तो यह लाखों यात्रियों को प्रत्यक्ष लाभ पहुँचाएगा तथा क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा । अतः मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि जनभावनाओं, व्यावहारिक आवश्यकता एवं व्यापक जनहित को ध्यान में रखते हुए इस विस्तार पर प्राथमिकता से विचार कर शीघ्र निर्णय लिया जाए ।